हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 31 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35 .3 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

14 विदेश में लापता युवक के परिजनों ने लगाई गुहार



14 उत्सवमय वातावरण में घोषित किया गया...



## खबर संक्षेप

### बिजनेसमैन पर फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने बिजनैसमैन पर फायरिंग करने के आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में थाना सदर पेहवा की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमथला गढ़ू निवासी गगनजोत को काबू किया। पुलिस के अनुसार 29 मार्च को पटियाला निवासी संदीप, जो एक व्यवसायी है, एनएच-152 पर जमीन ठेके पर लेकर चिनाई करवा रहा था। तभी आरोपी गगनजोत बंदूक लेकर पहुंचा और उस पर फायरिंग कर दी। संदीप के पैर में गोली लगी, उसे तुरंत पेहवा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में केस दर्ज कर जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 12 बोर बंदूक, एक खाली खोल व कार बरामद की गई। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### ब्लैकमेल कर 1.5 लाख ठगने का आरोपी काबू

**कुरुक्षेत्र।** फोन पर ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के नेतृत्व में थाना शहर थानेसर की टीम ने कार्रवाई करते हुए अमृतसर के टोला नंगल निवासी गुरजैन्ट सिंह को काबू किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने उसकी बहन से फेसबुक पर दोस्ती की और उसकी फोटो एडिट कर उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपी लगातार फोन कर ब्लैकमेल करता रहा और डर के कारण पीड़ित परिवार से करीब 1.50 लाख रुपये हड़प लिए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### हरियाणा का एकमात्र विवि बना वैश्विक सूची का हिस्सा, कृषि एवं वानिकी में देश में दूसरा स्थान

# क्यूएस रैंकिंग 2026 के 301–350 बैंड में स्थान हासिल कर वैश्विक मंच पर चमका हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय

**फसल सुधार, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण व जलवायु-लचीली कृषि जैसे क्षेत्रों में दिया महत्वपूर्ण योगदान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने क्यू.एस. विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग 2026 में 301–350 बैंड में स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। इस प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग में शामिल होने वाला यह हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। इस उपलब्धि से प्रदेश भर में कृषि वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। उक्त जानकारी आज यहां डॉ. दलीप गोसाईं, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान ने दी।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. कम्बोज ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध तथा विस्तार सेवाओं के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने हरियाणा सरकार तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। क्यू.एस. विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग उच्च शिक्षा संस्थानों का एक विश्वसनीय वैश्विक मूल्यांकन है, जिसमें विश्वविद्यालयों का आकलन शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता धारणा, शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, शोध गुणवत्ता, अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा वैश्विक प्रभाव जैसे मानकों पर किया जाता है। प्रो. कम्बोज ने कहा कि इस सूची में विश्वविद्यालय का शामिल होना उसकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है।




प्रो. कम्बोज ने कहा कि कृषि एवं वानिकी विषय में विश्वविद्यालय ने भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जिससे कृषि अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उसकी अग्रणी भूमिका और मजबूत हुई है। विश्वविद्यालय ने फसल सुधार, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण तथा जलवायु–लचीली कृषि जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे किसानों को व्यापक लाभ मिला है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड द्वारा दिए गए ए प्लस ग्रेड तथा राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा में लगातार अच्छे प्रदर्शन से भी मजबूती मिली है। जल संरक्षण एवं संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। शोध उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रो. कम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय किसान–केंद्रित और समाधान–आधारित अनुसंधान में निरंतर योगदान दे रहा है।

### अंबाला से कुरुक्षेत्र जा रही पैसेंजर ट्रेन में घटना, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

# मामूली कहासुनी में चलती ट्रेन से धक्का देकर किशोर की हत्या, पांच पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहाबाद

सोमवार को अंबाला से कुरुक्षेत्र जा रही पैसेंजर ट्रेन (64548) में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ युवकों के बीच हुई मामूली कहासुनी ने एक 16 वर्षीय किशोर की जान ले ली। यह दर्दनाक घटना शाम करीब 4:45 बजे शाहाबाद रेलवे स्टेशन पर हुई।



जानकारी के अनुसार, चलती ट्रेन में 4-5 युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गया। इसी दौरान आरोपियों ने 16 वर्षीय गौरव पुत्र मोहन बहादुर, निवासी पलवल, को धक्का दे दिया। धक्का लगने से गौरव ट्रेन से नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी के सहायक एसएचओ विकास कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जीआरपी के सहायक एसएचओ विकास कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



**शाहबाद।** कार्रवाई करते जीआरपी के सहायक एसएचओ विकास कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### दोस्तों के साथ गया था हरिद्वार

मृतक के रिश्तेदार विनय कुमार ने बताया कि गौरव पिछले 15 दिनों से घर से बाहर था, लेकिन वह रोजाना परिवार से मोबाइल पर संपर्क में था। पिछले तीन दिनों से वह अपने दोस्तों के साथ हरिद्वार में था और सोमवार को अंबाला से कुरुक्षेत्र लौट रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद आरोपियों ने स्वयं फोन कर गौरव की मां को बताया कि उन्होंने उसके बेटे को मार दिया है और उसका शव रेलवे लाइन पर पड़ा है। ट्रेन में मौजूद यात्रियों के अनुसार, धक्का देने के बाद तीन–चार युवक ट्रेन से उतरकर शाहाबाद स्टेशन के मुख्य रास्ते से जीटी रोड की ओर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि लाल टी–शर्ट पहने एक युवक ने गौरव को धक्का दिया था। हालांकि, जीआरपी सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

#### अंबाला-जगाधरी हाईवे पर नाले से मिला शव

**अंबाला।** अंबाला–जगाधरी नेशनल हाईवे स्थित गांधी मैदान के पास नाले में सोमवार सुबह 10 बजे एक व्यक्ति का शव मिला है। शव का सिर से लेकर धड़ तक का हिस्सा पूरी तरह गल चुका है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों और आसपास के लोगों को नाले से तेज दुर्गंध आ रही थी। पास जाकर देखा गया तो नाले में शव पड़ा था। मृतक की उम्र व पहचान का पता नहीं चल पाया है क्योंकि पानी में रहने से शव क्षत–विक्षत हो चुका है। अंदेशा है कि शव 3–4 दिन पुराना हो सकता है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर द्वारा पोस्टमार्टम करने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### जिले में अलग-अलग जगह हुए हादसे

# बाइक की टक्कर लगने से गई दो महिलाओं की जान

- मुसींबल गांव के पास स्कूटी सवार महिला को बाइक ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालकों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी की सरस्वती कॉलोनी निवासी राजिंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी कुसुम एक्टिवा पर किसी काम से गई थी। जब वह शाम को वापस लौट रही थी तो गांव मुसींबल अड्डे के पास तेज गति से बाइक लेकर आ रहे व्यक्ति ने उसकी पत्नी की एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी पत्नी सड़क पर गिर गई। जिससे उसको गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद वहां से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसकी पत्नी को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

#### सड़क किनारे खड़ी महिला टक्कर मार भागा बाइकर

कोतरखाना निवासी सुंदर सिंह ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। वह अपनी पत्नी पायल व बेटे गुरमीत सिंह के साथ बाइक पर अपने ससुराल गया था। शाम को जब वह वापस लौट रहे थे तो औरंगाबाद पुल के पास वह लघुशंका निवारण के लिए रुका। उसने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी। उसकी पत्नी पायल भी बाइक के पास खड़ी थी। तभी तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसकी पत्नी पायल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसकी पत्नी नीचे गिरकर बेहोश हो गई। आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। वह राहगीरों की सहायता से अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचा करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ट्रैक्टर-ट्राली में बेचने जा रहे थे चोरी का सामान, कबाड़ी समेत 6 लोग गिरफ्तार

- छोटा लापरा निवासी गायुर, भाटिया नगर के महिंद्र उर्फ सोनू, शंभु कॉलोनी पांसरा के राजेश, चौधरी कॉलोनी के हरजिंद्र पाल और तीर्थ नगर की टपरी निवासी शैंकी के रूप में हुई आरोपियों की पहचान।
- डेहा बस्ती दड़वा माजरी निवासी मोनू कबाड़ी चोरी का सामान खरीदने पर पकड़ा गया।



**यमुनानगर।** थाना सदर यमुनानगर पुलिस टीम ने कलानौर बार्डर से ट्रैक्टर-ट्राली में चोरी में चोरी का सामान बेचने जा रहे पांच चोरों व कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार सदर यमुनानगर थाना प्रभारी कमलजीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अपने ट्रैक्टर ट्राली में चोरी के सामान लोड करके बेचने के लिए उत्तर प्रदेश जायेगा। इस सूचना पर एएसआई संदीप सिंह, सुशील कुमार, मुख्य सिपाही रमनदीप सिंह की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत नाकाबंदी शुरू कर दी। टीम को थोड़ी देर बाद एक ट्रैक्टर ट्राली आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब उसको रोक कर पूछा तो युवक की पहचान छोटा लापरा निवासी गायुर के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह सामान फैक्ट्री से चोरी किया था। जिसमें उसके साथ भाटिया नगर निवासी महिंद्र उर्फ सोनू, शंभु कॉलोनी पांसरा निवासी राजेश, चौधरी कॉलोनी निवासी हरजिंद्र पाल तथा तीर्थ नगर की टपरी निवासी शैंकी के रूप में हुई। आरोपियों ने पूछताछ और बताया कि यह उन्होंने यह सामान कबाड़ी डेहा बस्ती दड़वा माजरी निवासी मोनू को बेच दिया है। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कबाड़ी मोनू को भी गिरफ्तार कर लिया।

# बुजुर्ग ने मूकबधिर बच्चे से किया कुकर्म, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 11 वर्षीय मूकबधिर और मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चे के साथ उसके पड़ोसी द्वारा कुकर्म किए जाने का गंभीर मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद गांव में इस कृत्य की कड़ी निंदा की जा रही है।

#### लालच दे खंडहर में ले गया आरोपी

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार पीड़ित बच्चा मानसिक रूप से भी बीमार है। 29 मार्च की शाम करीब 5:30 बजे, जब बच्चा सामुदायिक केंद्र के पास सरकारी स्कूल में खेल रहा था तभी पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर एक पुराने खंडहरनुमा बाथरूम में ले गया। यहां आरोपी ने मासूम के साथ कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया।

#### बच्चों ने बनाई वीडियो

इस घिनौनी करतूत को अंजाम देते वक्त कुछ अन्य बच्चों ने आरोपी को देख लिया। इन बच्चों ने साहस दिखाते हुए उसकी वीडियो बना ली। पीड़ित के पिता जो पेशे से दिहाड़ी मजदूर हैं जब शाम को काम से घर लौटे तो बच्चा सो चुका था। अगले दिन जब उन्हें इस घटना और वीडियो के बारे में पता चला तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। इस मामले की शिकायत पुलिस को सौंपी गई। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर रादौर में बिजली निगम कार्यालय पर जड़ दिया ताला

- प्रदर्शनकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर निगम के एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सदस्यों ने किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को बिजली निगम कार्यालय रादौर के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बिजली निगम के कार्यालय से सभी कर्मचारियों को बाहर निकालकर ताला लगा दिया और किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा।

एसडीओ के आश्वासन के बाद किसानों ने बिजली निगम के कार्यालय का ताला खोला। सोमवार सुबह भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े सैकड़ों किसान जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में बिजली निगम रादौर के कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद यूनियन के सदस्यों ने किसानों की समस्याओं को लेकर निगम के एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। मगर इस दौरान किसान शांत नहीं हुए और उन्होंने बिजली निगम के कार्यालय से सभी कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया और ताला लगा दिया। जिसके बाद बिजली निगम के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर एसडीओ व अन्य अधिकारियों ने किसानों को उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देकर किसी तरह उन्हें शांत किया। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने बिजली निगम के कार्यालय पर लगाए गए ताले को खोल दिया।

मौके पर भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कई बार फोन करने के बावजूद अधिकारी कॉल नहीं उठाते हैं। जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खेतों में लगे ट्रांसफार्मर खराब होने पर उन्हें ठीक होने में 8 से 15 दिन तक का समय लग जाता है।

इसके अलावा कई जगहों पर ट्रांसफार्मर में स्विच नहीं लगे हैं। तार ढीले हैं और केबलों में स्पार्किंग की समस्या बनी हुई है। इन समस्याओं की शिकायत पिछले तीन चार महीने से की जा रही है। मगर बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को किसानों की कोई परवाह नहीं है और अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली निगम के कर्मचारी ढ़ीली तारों को जल्द से जल्द ठीक करें। जहां आवश्यकता हो ट्रांसफार्मर में स्विच लगाए जाएं। यदि बिजली निगम के अधिकारी ढुलमुल रवैया अपनाते रहे तो किसान बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।



**रादौर।** बिजली निगम कार्यालय पर ताला जड़ते किसान। फोटो : हरिभूमि

### कांन्हड़ी कलां में हुई सर्व राजपूत समाज के सदस्यों की बैठक

# अब सर्व राजपूत समाज भी मृत्यु भोज के खिलाफ

**बैठक में दर्जन भर गांवों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सर्व राजपूत समाज के दर्जन भर गांव के प्रतिनिधियों की कांन्हड़ी कलां में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजपूत समाज में फैल रही समाजिक बुराइयों को दूर करने का निर्णय लिया गया।

समाज के वरिष्ठ सदस्य अशोक राणा, राकेश राणा, राजबीर सिंह, भंवर सिंह व जसमेर आदि ने बताया कि राजपूत समाज में वर्तमान में मृत्यु भोज, रिंग शेयरमनी व दहेज प्रथा जैसी गंभीर सामाजिक बुराइयां पनप रही हैं। जिसकी वजह से राजपूत समाज आहत है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सर्व राजपूत समाज के दर्जन भर गांव स्यालवा, कांन्हड़ी कलां, खानपुर, गधौली, भंभौल, थाना छप्पर, सुखदासपुर समेत दर्जन भर गांवों के सैंकड़ो प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व राजपूत समाज ने निर्णय लिया कि वह समाज में पनप रही सामाजित बुराइयों को दूर करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्व राजपूत समाज अब मृत्यु भोज नहीं करेगा और दहेज प्रथा को भी समाप्त किया जाएगा। वहीं, समाज में रिंग शेयरमनी आदि नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मृत्यु भोज, रिंग शेयरमनी व दहेज प्रथा आदि बुराइयों ने समाज को भीतर से खोखला कर दिया है। यदि इन सामाजिक बुराइयों से छुटकारा नहीं पाया गया तो भविष्य में समाज अंधेरे के गर्त में चला जाएगा। इसके अलावा बैठक में सर्व राजपूत समाज ने नशा का सेवन नहीं करने के लिए युवाओं को जागरूक करने आदि के लिए अभियान चलाने और लड़कियों को शिक्षित करने पर जोर दिया गया।

समाज के लोगों का कहना है कि जल्द ही समाज अभियान शुरु करके समाज में पनप रहीं बुराइयों को दूर करने के लिए समाज के लोगों को समझाकर इन बुराइयों से दूर रहने के लिए जागरुक करेगा। उन्होंने समाज के लोगों से सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए सर्व राजपूत समाज से जुड़ने के लिए आह्वान किया।



यमुनानगर के गांव कांन्हड़ी कलां में हुई सर्व राजपूत समाज की बैठक में भाग लेते हुए दर्जन भर गांव के प्रतिनिधि।

# डीसी ने किया निरीक्षण, एसडीएम-डीएसपी के साथ राजस्व अधिकारी भी मिले गैरहाजिर

- एसडीएम के स्टेनो को सस्पेंड किया, दूसरे गैर हाजिर अधिकारी व कर्मचारियों की सैलरी रोकने के साथ कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को लघु सचिवालय अंबाला छावनी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लघु सचिवालय के प्रत्येक तल पर स्थापित कार्यालयों का निरीक्षण किया और जो भी अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए उनके कार्यालयों से हाजिरी रजिस्टर साथ ले गए।

औचक निरीक्षण की कार्रवाई के दौरान एसडीएम, डीएसपी के साथ-साथ राजस्व विभाग के अधिकारी व अन्य अनुपस्थित पाए गए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को प्रातः 9.30 बजे लघु सचिवालय अंबाला छावनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकतर अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जो भी अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए हैं उन्हें नोटिस दिए जाएंगे। इसके साथ-साथ राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारी व अन्य की अनपुस्थित मिलने पर उनकी सैलरी रोकने के भी निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने निरीक्षण के दौरान हर कमरे में जाकर व्यवस्थाएं भी देखी। निरीक्षण के बाद एसडीएम के स्टेनो को सस्पेंड करते हुए उसे शो काज नोटिस भी जारी किया गया। डीसी ने चेताया कि आगे भी औचक निरीक्षण की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी पर समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें ताकि कार्यालय में आने वाले लोगों को अपने कार्यों को करवाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए।

उन्होंने यह भी कहा कि औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि कर्मचारियों व अधिकारियों की कार्यप्रणाली की वास्तविकता जांची जा सके। इसी क्रम में आज यहां पर चेकिंग की गई है जोकि आगे भी समय-समय पर जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को अपने कार्यों को करवाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए इसके लिए विभागीय कर्मचारी अपनी ड्यूटी का सही तरीके से निवर्हन करें।

## खबर संक्षेप

### 7 अप्रैल को होगा इग्नू का 39वां दीक्षांत समारोह

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 39वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 7 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली स्थित मुख्यालय मैदान गढ़ी में किया जाएगा। इस संबंध में क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही इस वर्ष दीक्षांत समारोह का आयोजन इग्नू के सभी क्षेत्रीय केंद्रों पर एक साथ किया जाएगा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी इसमें भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री के परिसर में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ड्रग जागरूकता सेल की संयोजक प्रो. पूजा के कुशल निर्देशन में तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी के मार्गदर्शन में किया गया। नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में नशे के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

### स्वयंसेवकों ने लिया समाज सेवा का संकल्प

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा तीसरे एक दिवसीय शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा भाव को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डा. आनंद कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए एनएसएस के महत्व और इसकी वर्तमान उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी ने एनएसएस इकाई की वर्षभर की गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर होगा सुंदरकांड पाठ

**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित भगवान श्री विष्णु मंदिर सभा द्वारा 2 अप्रैल को संकट मोचन श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर 108 भक्तों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब जाएगा। सभा के प्रधान महेंद्र राठी ने बताया कि आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जाएगा और हनुमान जी का दरबार भव्य रूप में सजाया जाएगा। जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण रहेगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष यह आयोजन श्रद्धालुओं में आस्था और उत्साह का केंद्र बनता है।

## नारी सम्मान समारोह में 20 महिलाओं को मिला विशेष सम्मान

# महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज का समग्र विकास संभव : राज्यपाल घोष

महिला पत्रकार अनिता को सम्मानित करते हुए राज्यपाल असीम कुमार घोष ने किया महिला सशक्तिकरण का आह्वान





**करनाल।** महिला पत्रकार अनिता को सम्मानित करते हुए राज्यपाल असीम कुमार घोष व कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत विकास परिषद की कर्ण शाखा द्वारा डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम में भव्य नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 20 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और सम्मानित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को आज सम्मानित किया गया है, उन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ समाज में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। उन्होंने कहा कि समाज का यह दायित्व है कि वह महिलाओं की आवश्यकताओं, उनके अधिकारों और उनकी आकांक्षाओं को समझे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए उचित अवसर प्रदान करे। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के कल्याण और सशक्तिक रण के

**खास बातें**

- जिन महिलाओं को सम्मानित किया गया है, उन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ समाज में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया
- सम्माननित महिलाएं अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी हैं

### विधायक ने संस्था के कार्यों को सराहा

स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विकास परिषद जैसी संस्थाएं समाज सेवा की भावना को मजबूत करती हैं और लोगों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराती हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह सोचना चाहिए कि समाज से हमें जो मिला है, उसके बदले हम समाज को क्या लौटा रहे हैं। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सम्मानित महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे भी समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रहें। कार्यक्रम में हरियाणा की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, मेघा भंडारी, कपिल अत्रेजा, ईशा बंसल, अनूप भारद्वाज, ज्योति चौधरी, अमित, सोमवीर खटकड़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में इन्हें किया गया सम्मानित

: अदिति शर्मा, नीलू सैनी, रिचा चावला, डा. सुजाता शर्मा, एष्णा कल्याण, अंजू चौधरी, ऋषिका कुकरेजा अरोड़ा, नीलम मदान, विभा चुघ, नेहा खंडूजा, रोनी रमन, तूलिका गर्ग, डा. आशिमा गक्खड़, संजोली बनर्जी, दीक्षा गोयल, डा. कीर्ति गुप्ता, शशि आर्या, डा. एकता अरोड़ा, अनीता सिंह और कविता।



**करनाल।** कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

### सीएम ने मंदिर में किया नवनिर्मित शैड का उद्घाटन

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला शहर के देवीनगर मंदिर में आयोजित 51वें वार्षिक धार्मिक मेले में भाग लेते हुए नवनिर्मित शैड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आस्था, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि शैड के निर्माण से श्रद्धालुओं को गर्मी और वर्षा से राहत मिलेगी और आयोजनों को सुचारू रूप से संपन्न करने में सुविधा होगी। कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप भारद्वाज ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले वर्ष की गई घोषणा के अनुसार 21 लाख रुपये की राशि से यह निर्माण कार्य पूरा किया गया है।



**इंद्री।** पीएम श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय इंद्री में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह मे मेधावियों का सम्मान

**इंद्री।** पीएम श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय इंद्री में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल करनैल चंद ने की । समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम व विशेष अतिथि के तौर पर स्कूल के पूर्व छात्र मुंबई से चांद डावर ने शिरकत की । इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की सराहना की गई तथा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सतीश गौतम ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व समझाया और उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मढान ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी।

## आईएमए की नई कार्यकारिणी का गठन, डॉ. सलिल गुप्ता बने प्रधान

- हेल्थ फॉर ऑल रहेगा वर्ष का स्लोगन, डॉक्टर-मरीज संबंध मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**इंद्री।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय जनेसरों में बनाये गये कमरों का उद्घाटन करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) करनाल की नई कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. सलिल गुप्ता को वर्ष 2026-27 के लिए आईएमए का नया प्रधान चुना गया। नवनियुक्त प्रधान डॉ. सलिल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आईएमए का स्लोगन "हेल्थ फॉर ऑल" रहेगा, जिसके तहत समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास, संवाद और अपनत्व का रिश्ता बेहद जरूरी है। यदि कहीं कोई दूरी या गलतफहमी है, तो उसे आपसी सहयोग और समझदारी से दूर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टर हर परिस्थिति में अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रहते हैं और किसी भी आपदा के समय आईएमए की टीम एकजुट होकर कार्य करती है। आईएमए के पूर्व प्रधान डॉ. दीपक प्रकाश ने नवनियुक्त प्रधान को मैडल ऑफ ऑनर पहनाकर सम्मानित किया और बधाई दी।

### विकास को लेकर एनआईयूए टीम के साथ मंथन

**करनाल।** नगर निगम करनाल के सभागार में महापौर रेणु बाला गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (एनआईयूए) की टीम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, पार्षदगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य शहर के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों, चुनौतियों और योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श करना था। इस दौरान पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखते हुए समाधान के सुझाव दिए। बैठक में यातायात व्यवस्था, पार्किंग, सीवरेज, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, कूड़ा प्रबंधन, आवारा पशु, जर्जर सड़कें, नालियों की सफाई, अनधिकृत कॉलोनियों का विकास, ग्रीन बेल्ट की देखभाल और बिजली के तारों की समस्या जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## विधायक कश्यप ने स्कूल को 70 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



**इंद्री।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय जनेसरों में बनाये गये कमरों का उद्घाटन करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय जनेसरों में बनाए गए 6 कमरों, चारदीवारी व मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। इनके निर्माण पर 70 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट रहने लाने वाले विद्यार्थियों को भी आशीर्वाद देकर उनको जीवन में आगे बढने के लिये प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि इंद्री विधानसभा के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में मूलभूत व आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। हरियाणा सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं जिनमें मुख्य रूप से नई शिक्षा नीति, छात्रवृत्ति योजनाएं, चिराग योजना, सक्षम योजना, लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए ऋण उपलब्ध करवाना, मुफ्त साइकिल योजना, जेईई-नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सुपर-100 जैसी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा शिक्षा के हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गुरनाम मंढाण, मुख्य अध्यापक धीरज, एसडीओ वीरेन्द्र, जेई संजीव, जगदीप, विजय कश्यप, कश्मीरी लाल, राम मूर्ति, राम रतन व मीनाक्षी चौधरी सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें ।



**करनाल।** मंच पर उपस्थित राज्यपाल एवं अन्य गणमान्य। *फोटो : हरिभूमि*

### तीर्थस्थल पर धार्मिक महोत्सव में दिखी आस्था

**करनाल।** इंद्री रोड स्थित श्री घंटाकर्ण महावीर देव तीर्थस्थल पर वार्षिक स्थापना महोत्सव, श्री आत्म मनोहर जैन निरामयम केंद्र के शुभारंभ तथा चैरिटेबल अस्पताल के द्वितीय तल निर्माण के शुभारंभ के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने संतों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षाएं—सत्य, अहिंसा, करुणा और आत्म अनुशासन—आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी प्राचीन काल में थीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब महावीर के सिद्धांत हमें शांति, सह-अस्तित्व और मानवता का मार्ग दिखाते हैं। इस अवसर पर निरामयम केंद्र का उद्घाटन किया गया, जो क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। राज्यपाल ने इस पुनीत कार्य के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 20 लाख रुपये देने की घोषणा की, जबकि विधायक रामकुमार कश्यप ने 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले सहित अनेक संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जिला पुलिस में सेवानिवृत्त कर्मियों को समारोह में दी सम्मानपूर्वक विदाई

- सेवा देने वाले अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते अधिकारी।

जिला पुलिस करनाल में अपनी उत्कृष्ट, निष्ठावान एवं समर्पित सेवाएं देने के उपरांत कई अनुभवी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सोमवार को विधिवत रूप से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में एक गरिमामय एवं भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सहायक पुलिस अधीक्षक दीपिका अग्रवाल (भा.पु.से.) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन भी इस विशेष अवसर के साक्षी बने, जिससे माहौल भावुक हो उठा। सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की गई।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों में शमशेर सिंह, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, सूरत सिंह, कंवर सिंह, जयपाल सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, मंगतराम, नरेंद्र कुमार, रामनिवास, प्रीतम सिंह।



करनाल। डॉ. बलराम शर्मा को सम्मानित करते हुए आयोजक।

### हेल्थ कैंप में दो सौ मरीजों का इलाज

**करनाल।** गांव बांसा में युवा विचार मंच एवं अपर्णा हॉस्पिटल मधुबन के संयुक्त तत्वावधान में दूसरे निशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी कॉलेज, करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि समाज सेवा के कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं, क्योंकि उन्हें अपने गांव में ही विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श और उपचार की सुविधा मिल जाती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि लोग समय रहते अपनी जांच करवाकर गंभीर बीमारियों से बच सकें।

## गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**तरावड़ी।** गीता स्कूल के बच्चों के साथ स्कूल निदेशक बाल कृष्ण त्रिपाठी व स्टाफ।

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष के वार्षिक परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और श्रेष्ठता को सिद्ध किया है। विद्यालय में नर्सरी से लेकर कक्षा 9वीं एवं 11वीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 10 विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या रागिनी राय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता रहेगा और विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने भी इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता हमारे लिए गर्व का विषय है। यह दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण मिलने पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युवाओं के भविष्य की नई दिशा

## एआई तकनीक से छात्राओं के लिए खुल रहे नए अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद खुशी जताती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

केवीए डीएवी कॉलेज फॉर वुमेन, करनाल में सैमसंग इनोवेशन कैंपस के अंतर्गत संचालित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कोर्स का विधिवत समापन हुआ। यह कोर्स टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल और फोकलिट के सहयोग से संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक तकनीकों के अनुरूप प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना था।

समापन अवसर पर आयोजित भव्य प्रमाणपत्र वितरण समारोह में 50 छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इन छात्राओं ने प्रशिक्षण के दौरान मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मूल सिद्धांत, प्रोजेक्ट आधारित कार्य और समस्या समाधान जैसी महत्वपूर्ण तकनीकी दक्षताएं हासिल कीं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की प्रधानाचार्या मीनू शर्मा रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का युग है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और ऑटोमेशन जैसी तकनीकें तेजी से विकसित हो रही हैं। ऐसे में छात्राओं को इन क्षेत्रों में दक्ष बनाना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

### तकनीकी रूप से सशक्त होने के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कंप्यूटर साइंस विभाग की अध्यक्ष डॉ. साक्षी अनेजा तथा प्रो. हरबिंदर कौर उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इंडस्ट्री आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करते हैं, जिससे वे वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनते हैं। फोकलिट के प्रतिनिधि सुनंत शर्मा, मनमोहन सिंह, सचिन मिश्रा (उपाध्यक्ष) एवं जसवीर कौर (एकेडमिक कोऑर्डिनेटर) ने बताया कि सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करना है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस टीम ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने हरिद्वार बाइपास पर सनौली पुल के नीचे से मुर्तजा पुत्र सफीक निवासी गांव रसूलपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया और इसके पास से 452 ग्राम अफीम बरामद की। इधर, थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सनौली खुर्द में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं मुर्तजा के साथियों की जानकारी लेकर उन्हें पकडने के लिए पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### पुलिस ने चोरी से पांच बाइक बरामद की

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर हरप्रीत उर्फ हैप्पी पुत्र बलकार निवासी बत्तरा कालोनी, पानीपत गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार राकेश ने बताया कि पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई पांच बाइक बरामद की है। बाइक चोरी केस में थाना शहर में विकास नगर निवासी विपिन की शिकायत पर केस दर्ज है। जबकि बरामद हुई चोरी की बाइकों बाबत थाना शहर व चांदनी बाग में केस दर्ज है। इधर, हरप्रीत पेशेवर चोर है और इस पर विभिन्न पुलिस थानों में बाइक चोरी के छह केस दर्ज है।

### युवक को पीटा, आठ पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर होटल गोल्ड के पास अभय पुत्र सुरेश कुमार निवासी बंसी कालोनी, जाटल रोड, पानीपत को आठ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर, चांदनी बाग थाना पुलिस ने शिकायत में अभय ने बताया कि वह हुडा सेक्टर-25 स्थित लवकुश ट्रांसपोर्ट में नौकरी करता है और 29 मार्च की रात को घर लौट रहा था। होटल गोल्ड के पास उसे साथ मारपीट की गई। पुलिस ने सुमित रोड व काकू समेत इनके साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक को चाकू मार कर किया घायल

**पानीपत।** पानीपत के शिव नगर क्षेत्र में दुकान के एडवांस किराए के लेन-देन को लेकर मारपीट में शहजाद निवासी पीर वाली गली, शिव नगर घायल हो गया। शहजाद का आरोप है कि अक्षय व रिंकू ने उसे चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर, शहजाद की शिकायत पर थाना हुडा सेक्टर-29 पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला पर बच्चा चोरी करने का आरोप लगा

**पानीपत।** पानीपत की महादेव कालोनी में रविवार की देर रात एक महिला पर बच्चा चोरी करने का आरोप लगा। इधर, कालोनी निवासियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अपने साथ ले गई। वहीं, महिला बातचीत व इसके पास से बरामद सामान से मानसिक रूप से बीमार लग रही थी। वह अपना नाम भी बता नहीं पा रही थी। इधर, थाना किला पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर आमजन के लिए उम्मीद और विश्वास का मजबूत मंच बनकर उभर रहा है। सोमवार को आयोजित शिविर में एसडीएम मनदीप कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट, सख्त और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में कुल 35 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें मुख्य रूप से फैमिली आईडी में आय संशोधन, पेंशन, राशन कार्ड, फार्मर आईडी और पुलिस से जुड़े मामले शामिल रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का समाधान किया।

### इग्नू का दीक्षांत समारोह सात को

**पानीपत।** इग्नू के 39वें दीक्षांत समारोह के संबंध में क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का 39वां दीक्षांत समारोह सात अप्रैल को नई दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय, मैदान गढ़ी में आयोजित किया जाएगा।

---

160 करोड़ के घोटाले की जांच का मामला

# कोटक महिंद्रा व एयू बैंकों पर पुलिस का कड़ा पहरा

**पुलिस ने सोमवार को चार शाखाओं को नहीं खोलने दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। कोटक महिंद्रा बैंक पर तैनात पुलिस बल। फोटो : हरिभूमि

कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में करीब 160 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले की जांच के लिए सोमवार सुबह पानीपत में जीटी रोड, मॉडल टाउन व हुडा सेक्टर 11/12 स्थित कोटक महिंद्रा बैंक की शाखाओं पर थाना सिटी, थाना चांदनी बाग, थाना मॉडल टाउन की पुलिस तड़के ही तैनात कर दी गई थी। वहीं एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की जीटी रोड पर स्थित एक मात्र शाखा पर भी थाना सिटी पुलिस तैनात थी। सोमवार की सुबह करीब नौ बजे जब कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारी व कर्मचारी जब ड्यूटी पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें जीटी रोड स्थित कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कार्यालयों को खोलने नहीं दिया। इधर, थाना मॉडल टाउन व चांदनी बाग पुलिस ने भी कोटक महिंद्रा बैंक की हुडा सेक्टर 11/12 व मॉडल टाउन के ब्रांच ऑफिस नहीं खोलने दिए। दोनों बैंक के अधिकारियों ने पुलिस द्वारा बैंकों के ऑफिस नहीं खोलने देने की जानकारी हैड क्वार्टर को दी गई। इसके बाद दोनों बैंक का स्टाफ चुप्पी साध गया।

**ग्राहकों में दहशत**

सुबह करीब 11 बजे किसी अज्ञात स्थल से गुप्त संदेश कोटक महिंद्रा बैंक की जीटी रोड, मॉडल टाउन व हुडा सेक्टर 11/12 और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की जीटी रोड शाखा पर तैनात पुलिस बल को मिला। इसके बाद पुलिस बल बैंकों के कार्यालयों से हट गया। इसके बाद दोनों बैंकों की चारों शाखाओं में दोपहर करीब बारह बजे कामकाज शुरू हुआ। इधर, कोटक महिंद्रा बैंक की तीन और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा दोपहर तक बंद रहने और वहां पुलिस बल तैनात रहने से इन बैंकों के ग्राहकों में दहशत का माहौल बना रहा है। ग्राहक यह जानकारी लेते रहे कि बैंक फेल तो नहीं हो गया या फिर कोई घोटाल कर बैंक बंद किए गए। दूसरी ओर, कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारियों के समझाने पर ग्राहकों के बीच बना दहशत का माहौल सामान्य हुआ।

---

# सूबे की हर मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र बनाएगी इनेलो: अभय

- किसानों की फसल बिक्री, भुगतान तौल, उठान और प्रशासनिक लापरवाही जैसी समस्याओं से तत्काल राहत दिलाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला का स्वागत करते हुए प्रेम सिंह भालसी व डॉ. नवीन नैन।

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने सोमवार को गंगा एग्रो इंडस्ट्रीज के भव्य उद्घाटन समारोह में कहा कि इनेलो हरियाणा की प्रत्येक अनाज मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र बनाएगी और किसानों की फसल बिक्री, भुगतान, तौल, उठान और प्रशासनिक लापरवाही जैसी समस्याओं से तत्काल राहत दिलाई जाएगी। इनेलो सुप्रीमो चौटाला ने गंगा एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन चौधरी प्रेम सिंह भालसी, डायरेक्टर डॉ. नवीन नैन भालसी की उपस्थिति में प्रेस वार्ता की। इसके उपरांत अभय चौटाला ने प्रदेश के इनेलो के राष्ट्रीय व स्तरीय पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की।

बैठक में उन्होंने कहा कि इनेलो अब किसान हितों के लिए सूबे की हर मंडी तक पहुंचकर जमीनी स्तर पर संघर्ष करेगी। वहीं, चौटाला ने कहा कि इनेलो, किसान और मजदूर हित के लिए सड़कों से लेकर मंडियों और सदन तक इनके हकों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि फसल खरीद सीजन के दौरान किसी भी किसान को मंडी में अपमान, देरी, भ्रष्टाचार या शोषण का सामना नहीं करने दिया जाएगा। इनेलो कार्यकर्ता किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। चौधरी प्रेम सिंह भालसी व डॉ. नवीन नैन भालसी ने दावा किया कि इनेलो ही कमेरे वर्ग की सच्ची हितैषी पार्टी है।

## निजी कंपनियों को लाभ देना बंद करें सरकार: डॉ. गुप्ता




**पानीपत।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील गुप्ता ने भाजपा सरकार द्वारा पाइपलाइन कंपनियों के लिए लीज रेट में भारी कटौती के फैसले की कड़ी निंदा की है। सरकार ने पहले तीन लाख प्रति किलोमीटर प्रति वर्ष का लीज रेट घटाकर मात्र 1000 एकमुश्त करने की घोषणा की है। डॉ.गुप्ता ने प्रेस वार्ता में इसे 99 प्रतिशत से अधिक की कटौती बताते हुए कहा कि नायब सैनी सरकार, आपदा को अवसर मानकर सरकारी राजस्व को अरबों रुपये प्रतिवर्ष का नुकसान पहुंचा रही है और निजी कंपनियों खासकर अड़ानी गैस व आईजीएल की तिजोरी भर रही है। कौड़ियों के भाव सरकारी जमीन देकर किसके चहेतों को फायदा पहुंचाया जा रहा है और प्रदेश की आम जनता को इससे क्या फायदा होने वाला है। डॉ.सुशील गुप्ता ने मांग की कि हरियाणा सरकार इस फैसले से होने वाली संभावित राजस्व हानि का पूरा डेटा सार्वजनिक करें और श्वेत पत्र जारी कर पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया और उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरकर जनता के हक की लड़ाई लड़ेगी। डॉ.सुशील गुप्ता ने कहा कि सरकार का यह फैसला सबका साथ-सबका विकास नहीं बल्कि चहेतों का साथ और जनता का विनाश है। इस अवसर पर सुरेंद्र अहलावत व सुखबीर मलिक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

# अपनी नासमझी से दुख भोग रहे हैं नागरिक: मां संतोषी


समालखा। श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर श्री संतोषी माता सत्संग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

दुख भोगना मनुष्य के जीवन की मजबूरी नहीं है, नासमझी और बेवकूफी है। उक्त शब्द मॉडल टाउन समालखा स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर श्री संतोषी माता ने कहे। गौरतलब है कि श्री रघुनाथ मंदिर के नए भवन के स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन का आयोजन चल रहा है। सोमवार को संतोषी माता ने कहा कि भोग के साथ जीना लाचारी नहीं है, हम सब लोग भोगी हो चुके हैं, भोग से हट कर जीवन जीना चाहिए, जीवन को पहचाने यह दिव्य होना चाहिए, दिव्य मतलब स्वयं प्रकाश, जीवन की अपनी चमक होनी चाहिए, जीवन स्वयं प्रकाशमयी है। वहीं, संतोषी माता ने श्री रघुनाथ मंदिर सभा, श्री बजरंग सेवा मंडल के सदस्य, श्री हर मिलाप धर्मार्थ औषधि के सदस्य, महिला कीर्तन मंडल, सुंदरकांड महिला कीर्तन मंडल के सदस्यों को सम्मानित किया। जबकि सत्संग को विशाल भंडारे के आयोजन के साथ विराम दिया गया।

### चाकू के प्रहार से घायल नाबालिग की मौत

**थाना सिटी पुलिस ने आरोपी पर हत्या के आरोप में केस दर्ज किया**

**पानीपत।** पानीपत की रेलवे रोड पर 12 फरवरी को पुरानी रंजिश के चलते चाकूबाजी में घायल हुए सागर पुत्र मुकेश निवासी गोपाल कालोनी की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। सागर का करीब डेढ़ माह से उपचार चल रहा था। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सागर का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और सागर पर जान लेवा हमला के केस में हत्या करने की धारा भी जोड़ी है। वहीं, सागर नाबालिग था। जबकि सिटी थाना पुलिस ने बताया कि सागर की मौत के मामले में एफआईआर में हत्या की धारा जोड़ दी गई है। वहीं, सागर की हत्या का आरोपी भी नाबालिग है। वहीं, पुलिस ने सागर हत्याकांड की जांच नए सिरे से शुरू की है। दूसरी ओर, सागर की मौत से उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# इंसान की तरक्की की सशक्त राह है शिक्षा

- समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। सुमित्रा शर्मा पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

पानीपत के न्यू रमेश नगर स्थित सुमित्रा शर्मा पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव एवं परीक्षा परिणाम घोषणा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल रहे जबकि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी धर्मेंद्र इंसा एवं मोहन लाल पधारें। वहीं अध्यक्षता स्कूल की प्रबंधक सुमित्रा शर्मा एडवोकेट ने की। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि विनोद पांचाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वह मन लगाकर पढ़े और इस प्रतियोगिता के युग में यदि कहीं कोई विद्यार्थी पीछे रह गया है तो वह कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने का प्रयास करें। शिक्षा इंसान की तरक्की की सशक्त राह है। आज के बच्चे कल देश का भविष्य इसलिए हमें बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करने चाहिए। धर्मेंद्र इंसा एवं मोहन लाल ने भी बच्चों को उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देने एवं पढ़ाई में अग्रसर रहने पर शुभकामनाएं दी। वहीं अतिथियों ने सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सोमपाल शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी शांतनू शर्मा, सुषमा, ममता, अनिता, रमनजीत कौर, रजनी, गंगा, पिंकी, प्रेम, आशा कुमारी, सोनिका, उजीता योगेश मुस्कान आदि उपस्थित रहे।

---


पानीपत। अंकन साहित्यिक मंच की काव्य गोष्ठी में शिरकत करते हुए कविगण।

### हर हृदय में हो क्षमा, करुणा, प्रेम की भावना

**पानीपत।** अंकन साहित्यिक मंच की काव्य गोष्ठी श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन सभा, अग्रवाल मंडी में जैन स्थानक में आयोजित हुई। यह महावीर जयंती के आयोजनों की श्रृंखला में की गई। इसकी अध्यक्षता सुभाष भाटिया ने की मुख्य अतिथि प्रेमपाल सागर रहे। मंच संचालन कमलेश कुमार पालीवाल 'कमल' ने किया सबका धन्यवाद महामंत्री राजेंद्र जैन ने किया। दूसरी ओर, डॉ. एपी जैन सुनाया कि भगवान महावीर से है नमनयुक्त प्रार्थना, संसार में हो सर्वत्र पूर्ण शांति की स्थापना, समाप्त हो चल रहे सभी विनाशकारी युद्ध, हर हृदय में हो क्षमा, करुणा, प्रेम की भावना। सुलेख जैन ने सुनाया कि हे जिनवर, हे तीर्थंकर, हे वर्धमान महावीर। धर्मेंद्र अरोड़ा मुसाफिर ने सुनाया कि महावीर स्वामी निराले हुए हैं, उन्हीं की बदौलत उजाले हुए हैं। अनिल रोहिल्ला ने सुनाया कि पावापुर में भगवान ने पाया था निर्वाण, हिंसा, झूठ, आसक्ति पर चलाएं सशक्त बाण। इस अवसर पर सर्वश्री प्रेमपाल सागर, मदनलाल आजाद, पवन शर्मा, दयानंद खुंगर, नरेश गंधीर, की रचनाओं को भी काफ़ी सराहा गया। जबकि विजय जैन, विनय जैन डॉ. रामनिवास जैन, स. भूपेंद्र सिंह, प्रधान गौतम जैन, जगदीश जैन, पूर्व मेयर अवनीत कौर, कविता जैन, संतोष जैन, शीला जैन, श्वेता जैन, रोशनी जैन, सारिका जैन प्रेमवती जैन, प्रियंका जैन, मीना जैन आदि ने कवियों का उत्साह बढ़ाया।

# निजी स्कूलों व गैस एजेंसियों की मनमानी बंद हो: विजय

- ग्राहक पंचायत ने डीईओ व डीएफएससी को ज्ञापन सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारी डीईओ राकेश बूरा को ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत यानि एबीजीपी ने कई निजी स्कूलों की शिक्षा शुल्म में वृद्धि, पाठ्य सामग्री व वर्दी की बिक्री की मनमानी और कई गैस एजेंसियों द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडरों की बिक्री की मनमानी खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा व जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक दिव्या को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे हैं। इधर, पंचायत के जिला अध्यक्ष विजय अरोड़ा के नेतृत्व में सीएस अमित गुप्ता और सीए जगदीश धमीजा ने जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा को दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि नए सत्र में जिले के सभी सीबीएसई और एचबीएसई स्कूल अनिवार्य रूप से केवल एनसीईआरटी व एससीईआरटी की पुस्तकें ही लागू करवाए। वहीं अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें व यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य करने पर रोक लगाई जाए और स्कूल बैग नीति-2020 का सख्ती से पालन हो। जबकि डीएफएसटी दिव्या को दिए ज्ञापन में गैस एजेंसियों द्वारा बिना होम डिलीवरी दिए 'डिलीवरी चार्ज' वसूलने का कड़ा विरोध किया गया।

# स्कूलों में मिड डे मील की गुणवत्ता जांच के आदेश

- जनता को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाएं : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


डॉ. पंकज

जिला स्तरीय फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड रेगुलेशंस (एफएसओ) की एडवाइजरी कमेटी की बैठक का सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा कृषि से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, डॉ. पंकज ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करना होगा, ताकि आम जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। विशेष रूप से मिड डे मील योजना के तहत बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

---

## चंदौली-खोतपुरा सड़क के निर्माण का शुभारंभ

# ग्रामीण अंचल के विकास को सरकार गंभीर: ढांडा

*ढांडा ने कहा कि यह सड़क सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि क्षेत्र की तरक्की की नई राह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। भाजपा नेता हरपाल ढांडा का स्वागत करते हुए ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने रविवार को चंदौली में ड्रेन दो से खोतपुरा तक बनने वाली पीडब्ल्यूडी सड़क का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। वहीं, ढांडा ने कहा कि यह सड़क सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि क्षेत्र की तरक्की की नई राह है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच के कारण हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि हर गांव को बेहतर सड़क, शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि आमजन का जीवन स्तर ऊंचा उठ सके। दूसरी ओर, इस सडक के निर्माण होने से चंदौली, खोतपुरा, बरसत, गढ़ सरणाई, बराना, बबैल आदि गांवों लाखों ग्रामीणों को लाभ होगा। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता सवित पानू, कनिष्ठ अभियंता तरुण साहनी, चंदौली के सरपंच प्रतिनिधि सुनील, पूर्व सरपंच जस्सा, मुकेश पंवार, सुखबीर, चरण सिंह, प्रवीण चंदौली, विनोद खोतपुरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### गैस सप्लाई पूरी तरह से सुचारू

**पानीपत।** पानीपत जिला में गैस की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा है कि जिले में गैस की किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य रूप से जारी है। उपायुक्त ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस का अनावश्यक स्टॉक न करें।

### डेयरी में आग लगी

**पानीपत।** श्री देवी मंदिर चौक पर श्री अंबे डेयरी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग में दुकान पर रखा सामान जल कर राख हो गया। इस, आसपडोसियों ने श्री देव मूर्ति अस्पताल से फायर सिलेंडर से आग को फैलने से रोका। जबकि दमकल का एक टेंडर मौके पर पहुंचा और आग को पूरी तरह से काबू किया। दूसरी ओर, दमकल ने आग लगने के कारणों व इससे हुए नुकसान की जांच शुरू कर दी है।

### मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

**पानीपत।** पीएम श्री जीएसएसएस गांव छाजपुर में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय ने शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर एक नई उपलब्धि हासिल की। प्रधानाचार्य ज्योति खटक ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताया।

### शैड नहीं बनने से ग्रामीणों में रोष

**पानीपत।** पानीपत के गांव बुआना लाखू के स्कूल में पंचायत समिति इसराना से शैड बनवाने का कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द स्कूल में शैड बनवाया जाए। गौरतलब है कि पंचायत समिति इसराना के चेयरमैन हरपाल मलिक ने स्कूल में शैड बनवाने की जिम्मेदारी ली थी।

**न्यायालय तहसीलदार - कम सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

**सतपाल पुत्र श्री कशमीरी लाल निवासी मकान नम्बर 49, अशोक नगर, तहसील कैम्प, पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है सतपाल पुत्र श्री कशमीरी लाल निवासी मकान नम्बर 49, अशोक नगर, तहसील कैम्प, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की पत्नी श्रीमति रमेश कुमारी धर्मपत्नी श्री सतपाल निवासी मकान नम्बर 49, अशोक नगर, तहसील कैम्प, पानीपत की दिनांक 13-07-2025 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उतराधिकारी दर्शाये गये है। जयदीप वार्ड नम्बर 9, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम रामनिवास पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:- 1- वंदना पुत्री श्रीमति रमेश कुमारी धर्मपत्नी श्री सतपाल यानि कुल 1 ही वारिस है। इनके ईलावा मृतक श्रीमति रमेश कुमारी धर्मपत्नी श्री सतपाल का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तेहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 24-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### समय पर हों शिकायतों का समाधानः अभिषेक

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि जिलावासियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता मे है। सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से जूडी लोगों की शिकायतों का समयबद्ध रूप से जल्द समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा विभाग से संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं बारें भी आमजन को जानकारी प्रदान करें। नगराधीश सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे।

### कार्यों को समयबद्ध रूप से जल्द पूरा किया जाए

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने कहा कि सडक़ सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ प्रभावी रूप से कार्य करना होगा। अतिरिक्त उपायुक्त आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला सडक़ सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक के दौरान एजेंडे में रखे गए बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास करना आवश्यक है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### स्कूली छात्रों को किया सम्मानित

**नारायणगढ़।** विद्यालय के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को जिला शिक्षा अधिकारी अम्बाला ने किया सम्मानित। सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डेरा(63) में स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय आने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को मंच पर बुलाकर उनकी प्रशंसा की। उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं को भविष्य में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा दो को

**बराड़ा।** गांव अधोया में स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान एवं खाटूश्याम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन 1 अप्रैल को किया जा रहा है। मंदिर सभा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों बृजेश बंसल और अनुकूल गर्ग ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 बुधवार को प्रातः 8 बजे श्री रामायण पाठ का शुभारंभ हवन-पूजन एवं मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा।

### सड़क निर्माण के प्रस्ताव को हरी झंडी

**अंबाला।** रंगिया मंडी अंडरपास से अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग-44 तक आवागमन करने वाले यात्रियों और स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी। डीएफसीसीआईएल कॉरिडोर की नई रेलवे लाइन के दोनों ओर 6.02 करोड़ रुपये से सड़क निर्माण के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि क्षेत्र के व्यापारिक विकास को भी नई गति मिलेगी। प्रस्ताव के अनुसार, सड़क निर्माण के लिए आवश्यक भूमि रेलवे से 35 वर्षों की लीज पर ली जाएगी। इसके लिए रेलवे ने सहमति जताते हुए अनुमानित लागत का ब्यौरा सांझा किया है। इंजीनियर शाखा की रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे को लीज और अन्य शुल्क के रूप में 2.28 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना तय हुआ है। सड़क का निर्माण नई बिछाई गई रेलवे लाइन के दोनों तरफ किया जाएगा। इससे रंगिया मंडी व नन्हेड़ा क्षेत्र से हाईवे तक का सफर कम समय में पूरा हो सकेगा।

---

### जिलेभर में हर रोज 9000 सिलेंडरों की सप्लाई

# होटल-ढाबों पर घरेलू सिलेंडर इस्तेमाल पर हो रही कार्रवाई, 95 सिलेंडर जब्त

**डीएफएससी बोले-अफवाहों पर ध्यान न दें उपभोक्ता, सिलेंडरों की जमाखोरी करने वालों के खिलाफ होगी ठोस कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अमेरिका-ईरान युद्ध से घरेलू गैस की सप्लाई को लेकर अब विभागीय अधिकारी पर्याप्त गैस होने का दावा कर रहे हैं। हालांकि कई गैस एजेंसियों के बाहर अभी भी सिलेंडर को लेकर लंबी लाइनें लग रही है। इसके बावजूद जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी जिले में रोज 9000 सिलेंडर सप्लाई होने का दावा कर रहे हैं। विभाग के नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों सहित पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसलिए आमजन को घबराने व अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। डीएफएससी ने बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नंबर 0171-2982868 जारी है। इस पर एलपीजी उपभोक्ता अपनी एलपीजी से संबंधित शिकायत दर्ज करवा सकता है। इसके अलावा विभाग की टीमें भी निंरतरता में फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रख रही है। जहां पर भी अनियमिताएं पाई जा रही हैं वहां पर तुरंत कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है।

#### 95 सिलेंडर किए जब्त

जांच टीम द्वारा अंबाला शहर, मटहेडी शेखां, अंबाला छावनी, साहा, मुलाना, बराड़ा, शहजादपुर व नारायणगढ में ढाबों व दुकानों पर निरंतर छापेमारी की जा रही है। अभी तक जांच टीम की ओर से 95 सिलेंडर जब्त करने का काम किया गया है। डीएफएससी निशांत राठी ने बताया कि जिला में 24 गैस एजेंसियों के जरिए उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सप्लाई की जा रही है। औसतन 9000 घरेलू गैस सिलेंडर रोज उपभोक्ताओं को डिलीवर किए जा रहे हैं। उपभोक्ता शहरी क्षेत्र में 25 दिन व ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन बाद गैस बुकिंग करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यहां घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है।

#### नोडल अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

डीएफएससी ने यह भी बताया कि हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए मुख्यालय द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना के तहत सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारियों को नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। इनमें बृज मोहन, सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को अंबाला शहर, मटेडी सेखां व नन्यौला का नोडल अधिकारी लगाया गया है। हरजीत सिंह को अंबाला छावनी, साहा और केसरी का नोडल अधिकारी तथा राजिंद्र सिंह को बराड़ा, मुलाना व उगाला का नोडल अधिकारी तथा विनय सैनी को शहजादपुर व नारायणगढ का नोडल अधिकारी लगाया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### पीएनजी के लिए 134 ने किया आवेदन

डीएफएससी निशांत राठी ने जिला के घरेलू व व्यवसायिक गैस उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिस भी क्षेत्र में एचपी ऑयल गैस प्राइवेट लिमिटड द्वारा बिछाई गई पीएनजी लाइन उपलब्ध है। उपभोक्ता जल्द से जल्द पीएनजी कनेक्शन लेने हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में नए पीएनजी कनेक्शन हेतु व्यवसायिक-99, घरेलू-22 तथा औद्योगिक-13 कुल 134 आवेदन एचपी ऑयल के पास प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि नए पीएनजी कनेक्शन के लिए योजना 1- अग्रिम भुगतान योजना-प्रति निवासी 7118 रुपये का अग्रिम भुगतान, जिसमें 6000 रुपये की कनेक्शन सुरक्षा, 1000 रुपये की गैस बिल भुगतान सुरक्षा और 118 रुपये का फार्म शुल्क (कर सहित) (अप्रतिदेय आवेदन शुल्क 118 रुपये, वापसी योग्य कनेक्शन सुरक्षा 6000रुपये तथा वापसी योग्य गैस बिल भुगतान सुरक्षा 1000 रुपये) शामिल है।

#### ईएमआई विकल्प

योजना 2- ईएमआई पंजीकरण योजना-7118 रुपये के लिए ईएमआई विकल्प जिसमें उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन के लिए शुरू में 2118 रुपये का भुगतान करना होगा योजना 3- किराया योजना-1118 रुपये के अग्रिम भुगतान वाली किराया योजना जिसमें 1000 रुपये भुगतान सुरक्षा और 118 रुपये फार्म शुल्क के साथ कर शामिल है। इस योजना में सामान्य गैस बिल के अतिरिक्त 100 रुपये प्रति द्विमासिक बिल (50 रुपये प्रति माह) का किराया शामिल है। ग्राहक को 15 मीटर से अधिक आंतरिक पाईपलान के लिए "देय शुल्क ओर सेवाए" के अनुसार लागत वहन करनी होगी।

#### अनावश्यक भंडारण से बचें

नागरिकों से अपील कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही समयबद्ध तरीके से गैस की बुकिंग करें। अनावश्यक भंडारण से बचें। यह भी कहा कि जिले में सिलेंडरों सहित पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। उपायुक्त के दिशा-निर्देशानुसार अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और विवाह जैसे आयोजनों के लिए भी व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की व्यवस्था की जा रही है।

---




जिला शिक्षा अधिकारी युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित करते।

### युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन

## डेरा विद्यालय की टीम ने अव्वल स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़

सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डेरा(63) में आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। वे विद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता में विद्यालय के जिला स्तर पर प्रथम आने के अवसर पर विद्यार्थियों को सम्मानित करने के अवसर पर आये थे। उनके साथ डाइट मोहड़ा डॉक्टर विकास कुमार जिला समन्वयक (अनुसंधान एवं संपदा) तथा डॉ. राजेश कुमार (जिला समन्वयक योग एवम कक्षा अन्वेषण) भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या रीटा बंसल द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सरपंच बलजीत सिंह तथा एसएमसी प्रधान वीनिता देवी भी उपस्थित रही। बतादें कि युवा संसद प्रतियोगिता का पहला चरण बलॉक स्तर पर आयोजित किया व ब्लॉक नारायणगढ़ से जीएसएसएस डेरा की टीम प्रथम रही। उसके बाद दूसरे चरण में यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की जिसमें विभिन्न मापदण्डों पर छात्रों की भूमिका के आंकलन के बाद डेरा विद्यालय की टीम को प्रथम घोषित किया । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एससीईआरटी गुड़गांव तथा डाइट मोहड़ा के अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई दो ट्रॉफी प्रधानाचार्या रीटा बंसल को प्रदान की। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने सम्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी तथा डाइट मोहड़ा से आने वाले दोनो अधिकारियों का धन्यावाद किया। विद्यालय के सरपंच बलजीत सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी का धन्यवाद करते हुये विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

---

## मेधावियों को किया सम्मानित

- सरकारी स्कूल थंबड़ का वार्षिक परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में सोमवार को सत्र 2025-26 की समाप्ति पर विभाग व सरकार के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत थंबड़ के सरपंच रोहताश राणा, एसएमसी प्रधान व सदस्य, ब्लॉक समिति सदस्य सुधा राणा, ग्रामवासी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या मनभवानी भल्ला ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया।




**बराड़ा।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

#### सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाएं अभिभावक

इस दौरान विद्यालय में बालवाटिका से कक्षा 8वीं तथा कक्षा 9वीं व 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। साथ ही प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ब्लॉक समिति सदस्य सुधा राणा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सरपंच रोहताश राणा ने अभिभावकों से सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने का आह्वान किया और विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएं दीं।

## सेवानिवृत्ति पर प्रधानाचार्या सुनीता को दी विदाई

- 36 साल की सेवा के बाद डीएवी की प्रिंसिपल रिटायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

डीएवी स्कूल में बीते दिवस विद्यालय की आधारशिला मानी जाने वाली प्रधानाचार्या सुनीता कपूर के सम्मान में भव्य एवं भावपूर्ण सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सव जैसा माहौल लिए नजर आया। सभी उपस्थित जनों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

डीएवी परिवार में प्रिंसिपल सुनीता कपूर का कार्यकाल 5 मार्च 1990 से 31 मार्च 2026 तक रहा जिसमें उन्होंने पूरे 36 वर्षों तक अपनी सेवाएं देते हुए विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। समारोह में डीएवी के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. विकास कोहली, मैनेजर डॉ. राधा रमन सूरी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, गणमान्य व्यक्ति, सेवानिवृत्त स्टाफ, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। डॉ. विकास कोहली ने अपने संबोधन में सुनीता कपूर के योगदान को सराहते हुए उन्हें विद्यालय की "नींव का पत्थर" बताया और कहा कि उनके समर्पण व दृढ़ संकल्प का असर स्कूल के हर कोने में दिखाई देता है। डॉ. राधा रमन सूरी ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और संघर्षशीलता की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के विकास में उनकी अहम भूमिका को रेखांकित किया।




**बराड़ा।** रिटायरमेंट पर प्रिंसिपल सुनीता कपूर को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

#### आभार जताया

प्रिंसिपल के परिवार की ओर से आचार्य गोपाल ने उनके संतुलित जीवन और कार्य के प्रति समर्पण को प्रेरणादायक बताया। विदाई के समय माहौल भावुक हो गया। सभी की आंखें नम नजर आईं। अंत में प्रिंसिपल सुनीता कपूर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डीएवी परिवार का हिस्सा बनना उनके लिए सौभाग्य की बात रही है।

---

## विदेश में लापता युवक के परिजन ने लगाई गुहार

- ज्ञापन सौंपकर लगाई बेटे को भारत लाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

विदेश में लापता हुए युवक विश्व के परिजन एसडीएम से मिले। इस दौरान परिवार की ओर से एक ज्ञापन सौंपकर युवक को सकुशल वापस लाने की मांग की। नगरपालिका चेयरमैन रजत मलिक एवं राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के संस्थापक व केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर एसडीएम को विदेश मंत्रालय के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया गया कि विश्व नाम का युवक कई दिनों से माल्टा में लापता है। उसकी वजह से परिजन गहरी चिंता और तनाव में हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि मामले को गंभीरता से लेते हुए विदेश मंत्रालय के माध्यम से तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि युवक को जल्द से जल्द सकुशल भारत वापस लाया जा सके। नपा चेयरमैन रजत मलिक ने कहा कि एक नागरिक का विदेश में इस प्रकार लापता होना अत्यंत गंभीर विषय है। सरकार को मानवीय आधार पर त्वरित कदम उठाने चाहिए।



**बराड़ा।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए परिजन व अन्य। फोटो: हरिभूमि

#### मदद करे प्रशासन

वहीं अमरेंद्र सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। प्रशासन को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। पीड़ित परिवार ने भी प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि उनका बेटा सुरक्षित लौट आए, यही उनकी सबसे बड़ी उम्मीद है। उन्होंने सरकार से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर मदद करने की मांग की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि उनके ज्ञापन को संबंधित विभाग तक पहुंचाया जाएगा और उचित कार्रवाई के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में युवक की सकुशल वापसी की कामना की।

## फर्जी दस्तावेजों के जरिए किया विदेशी नागरिक की जमानत करवाने का प्रयास

### धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अदालत को गुमराह कर फर्जी दस्तावेज के जरिए विदेशी मूल के आरोपी की जमानत कराने का प्रयास किया गया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार बंसल की अदालत के आदेश पर थाना शहर में जालसाजी और धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं। पुलिस के अनुसार मामला एनडीपीएस एक्ट से जुड़ा है। इसमें आरोपी एडविन उर्फ टांको मोहम्मद इबुडे न्वान्को की जमानत के लिए 10 जून 2025 को सुलिंदर सिंह वासी फतेहगढ़ साहिब के नाम पर जमानत बांड भरे गए थे।

आरोपी के कोर्ट से गैर-हाजिर होने पर जब असली सुलिंदर सिंह को वारंट जारी हुआ तो सच सामने आ गया।जब असली सुलिंदर सिंह अदालत में पेश हुआ तो उसने हलफनामा देकर बताया कि उसने कभी किसी एडविन की जमानत नहीं दी।उसने आरोप लगाया कि किसी व्यक्ति ने उसके राजस्व रिकॉर्ड (जमाबंदी) और पहचान पत्र का दुरुपयोग कर फर्जी आधार कार्ड तैयार किया है।

कोर्ट ने जब फाइल पर लगी फोटो और सामने खड़े व्यक्ति का मिलान किया तो वे अलग पाए गए। मामले की जांच अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि फर्जी जमानतदार और इसमें शामिल अन्य दोषियों की पहचान के लिए रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

---

### डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे अनूठा दृश्य देखने का मिला

## उत्सवमय वातावरण में घोषित किया गया सातवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम

**अभिभावकों को आमंत्रित कर उनसे संवाद स्थापित किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एक अनूठा और अभिनव दृश्य देखने को मिला, जब कक्षा नर्सरी से 7 तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम एक उत्सवमय वातावरण में घोषित किया । आयोजन पारंपरिक परिणाम घोषणा से हटकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव बन गया। विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा परिणाम को मात्र अंकों तक सीमित न रखते हुए, उसे विद्यार्थियों के पूरे वर्ष के परिश्रम, सीखने की प्रक्रिया और आत्मविश्वास के उत्सव के रूप में प्रस्तुत किया। पूरे परिसर को विविध गतिविधियों, रंग-बिरंगी सज्जा और सृजनात्मक प्रदर्शनियों से सजाया , जिससे बच्चों और अभिभावकों में उत्साह का विशेष संचार हुआ। विद्यालय प्रांगण के केंद्र में स्थापित मंच पर अभिभावकों को आमंत्रित कर उनसे संवाद स्थापित किया गया।



**अंबाला।** छात्र को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

#### बच्चों के लिए विविध रोचक गतिविधियां हुई

बच्चों के लिए आयोजित विविध रोचक गतिविधियों—बैलेंसिंग गेम्स, प्रॉबेबिलिटी आधारित खेल, निशाना साधने की प्रतियोगिताएं, ड्राइंग एवं हुला हूप्स—ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। इन खेलों में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष आकर्षण का केंद्र रही आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी, जिसमें छात्रों की कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता और सौंदर्यबोध का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रदर्शनी में सजी रंगीन कलाकृतियों ने सभी आगंतुकों का मन मोह लिया और अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने शिक्षिकाओं के समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना करते कहा कि "विद्यालय की प्रत्येक शिक्षिका ने पूरे वर्ष विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु जिस निष्ठा और लगन से कार्य किया है, वह अत्यंत सराहनीय है।" अभिभावकों के योगदान को भी विशेष रूप से रेखांकित करते कहा कि "विद्यार्थियों की सफलता के पीछे अभिभावकों की तपस्या, धैर्य और निरंतर सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## महान गुरमत समागम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

- हजारों की संख्या में संगत ने लगाई हाजिरी

अंबाला छावनी में सेवा सिमरन सोसायटी, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, बीसी बाजार की ओर से गांधी मैदान में 29वां महान गुरमत समागम आयोजित हुआ। शाम छह बजे से शुरू हुआ यह आध्यात्मिक सफर सोमवार तड़के तीन बजे तक अनवरत चलता रहा। इसमें अंबाला ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पहुंची संगतों ने गुरु चरणों में हाजिरी लगाई। समागम में पहुंचे विश्व प्रसिद्ध रागी और ढाड़ी जत्थों ने अपनी वाणी और कथा-कीर्तन से वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय कर दिया। संगत हुई भाव-विभोर श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई करनैल सिंह ने अपने जत्थे के साथ शब्द कीर्तन कर संगतों को भाव-विभोर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया से आए भाई गुरदेव सिंह और दिल्ली से आए भाई जसप्रीत सिंह सोनू वीर ने गुरमत विचारों के जरिए गुरु साहिबान के संदेशों को सांझा किया। बीबी दलेर कौर के खालसा ढाड़ी जत्थे ने वीरतापूर्ण वार सुनाकर सिख इतिहास के गौरवमयी पन्नों को जीवंत कर दिया। इनके अलावा भाई महताब सिंह जालंधर और भाई बलप्रीत सिंह लुधियाना ने भी अपनी हाजिरी भरी।